29.07.2020

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस

प्रश्न :- अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस कब मनाया जाता है ?

(A) 27 जुलाई (B) 28 जुलाई
(C) 29 जुलाई (D) 30 जुलाई

उत्तर :- (C) 29 जुलाई

प्रश्न :- वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फण्ड फॉर नेचर (WWF) की स्थापना कब हुई ?

(A) 29 अप्रैल, 1961 (B) 24 जुलाई, 1961
(C) 28 जुलाई, 1966 (D) 29 जुलाई, 1966

उत्तर :- (A) 29 अप्रैल, 1961

प्रश्न :- (WWF) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(A) स्विट्जरलैंड के रूए मोवेर्नी
(B) जेनेवा
(C) न्यूयार्क
(D) बिजिंग

उत्तर :- (A) स्विट्जरलैंड के रूए मोवेर्नी

भूमिका :- अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस प्रतिवर्ष 29 जुलाई को मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 2010 में सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित टाइगर समिट से हुई थी। इसका उद्देश्य बाघ के प्राकृतिक आवास को सुरक्षित करना व बाघ संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाना है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- WWF के अनुसार 2016 में विश्व भर में बाघ की जनसंख्या लगभग 3900 हैं। भारत ने बाघ संरक्षण के लिए काफी सराहनीय कार्य किया है, वर्ष 2006 में केवल 1411 बाघ थे जो 2014 में बढ़कर 2226 हो गये। भारत में प्रत्येक चार वर्ष बाद बाघ की गणना की जाती है।
- वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फण्ड फॉर नेचर एक अंतर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन है, यह संगठन वन्य जीवों के संरक्षण के लिए कार्य करता है। इसकी स्थापना 29 अप्रैल, 1961 को की गयी थी। इसका मुख्यालय स्विट्जरलैंड के रूए मौवेर्नी में स्थित है।
- इस संगठन का उद्देश्य वन्यजीवों का संरक्षण तथा पर्यावरण पर मानव के प्रभाव को कम करना है। WWF वर्ष 1998 से प्रत्येक दो वर्ष बाद लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट जारी करता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम

प्रश्न :- एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम किस देश का है ?

(A) रूस (B) अमेरिका

(C) जापान (D) चीन

उत्तर :- (A) रूस

भूमिका :- हाल ही में रूस ने चीन को दी जाने वाली एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की आपूर्ति पर रोक लगा दी है। रूस ने यह आपूर्ति तब रोकी हैं, जब चीन अपनी आक्रमण के कारण कूटनीतिक मोर्चे पर कई देशों में एक साथ संघर्ष कर रहा है। यह चीन के लिए बड़ा झटका है। रूस के इस कदम के कई निहितार्थ निकाले जा रहे हैं।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- एस- 400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की आपूर्ति को रोकने से पहले मॉस्को ने बीजिंग पर जासूसी करने का आरोप लगाया था।
- रूसी अधिकारियों ने अपने सेंट पीटर्सबर्ग आर्कटिक सोशल साइंसेज अकादमी के अध्यक्ष वालेरी मिट्को को चीन को गोपनीय सामग्री सौपने को दोषी पाया है। इस घटना को इससे भी जोड़कर देखा जा रहा है।
- यह एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम हैं। इसे रूस ने विकसित किया हैं। इसे सतह से हवा में मार करने वाला दुनिया का सबसे सक्षम मिसाइल सिस्टम माना जाता हैं।
- एस-400 मिसाअल सिस्टम, एस 300 का अपडेटेड वर्जन है। एस - 400 के तीन प्रमुख अंग हैं जिनमे मिसाइल लॉन्चर, रडार और कमांड सेंटर शामिल हैं।
- यह एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम 400 किलोमीटर के दायरे में आने वाली क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को भी खत्म कर देने में सक्षम है।
- एस-400 डिफेंस सिस्टम एक तरह से मिसाइल शील्ड की तरह काम करता है।
- एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम में एक साथ तीन मिसाइलें दागी जा सकती हैं और इसके प्रत्येक चरण में 72 मिसाइलें शामिल हैं, जो 36 लक्ष्यों पर सटीकता से मार करने में सक्षम है।
- चीन ने भारत से पहले इस मिसाइल सिस्टम को खरीदने फैसला किया था। पहला बैच उसे 2018 में मिल भी चुका हैं। चीन के बाद इस डिफेंस सिस्टम के खरीदने वाला भारत दूसरा देश है। भारत के इस साल के आखिर तक यह सिस्टम मिल जाएगा।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

❖ लंबी दूरी की एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की खरीद को लेकर भारत और रूस के बीच हुआ यह समझौता सामरिक दृष्टि से बेहतर और महत्वपूर्ण है। यह पाकिस्तान और चीन की एटमी क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइलों से भारत की सुरक्षा देगा।

मोबाइल ऐप 'मौसम'लॉन्च

प्रश्न :- मौसम एप्लीकेशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें ?

(1). यह ऐप मौसम, तापमान, वर्षा, हवा की रफ्तार, हवा में नमी समेत कई तरह की सटीक सूचनाएं आम लोगों को मुहैया कराने का काम करेगा।

(2). इस ऐप को नीति आयोग ने विकसित किया है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर :- (A) रूस

भूमिका :- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने भारत मौसम विज्ञान विभाग के लिए मोबाइल ऐप "मौसम" लॉन्च किया है। यह मोबाइल ऐप प्लेस्टोर एवं ऐपस्टोर दोनों पर ही उपलब्ध है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

❖ यह मोबाइल ऐप आम लोगों को समर्पित है और इसकी रूपरेखा बिना तकनीकी जंजालों के सरल तरीके से मौसम की सूचना एवं पूर्वानुमान को प्रेषित करने के लिए तैयार की गई है।

❖ यूजर मौसम, पूर्वानुमान, रडार छावियों को एक्सेस कर सकते हैं और निकट की मौसम घटनाओं के बारे में समय रहते चेतावनियां प्राप्त कर सकते हैं।

मौसम ऐप की पांच सेवाएं :-

(01). वर्तमान मौसम :- 200 शहरों के लिए रोजाना आठ घंटों पर वर्तमान तापमान, आर्द्रता, हवा की गति एवं दिशा का अद्यतन किया जाता है। सूर्योदय/सूर्यास्त एवं चांद में।

(02). नाऊकास्ट :- आईएमडी के राज्य मौसम विज्ञान विभाग केन्द्रों द्वारा भारत के 800 स्टेशनों एवं जिलों के बारे में स्थानीय मौसम की अवधारणा की तीन घटों पर चेतावनी जारी की जाती है। उग्र मौसम के मामले में इसके प्रभाव को भी चेतावनी में शामिल किया जाता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

(03). नगर पुर्वानुमान :- भारत में लगभग 450 शहरों के आसपास की मौसम स्थितियों के पिछले 24 घंटो एवं 7 दिनों तक क पूर्वानुमान।

(04). चेतावनियां :- नागरिकों को आने वाले खतरनाक मौसम की चेतावनी देने के लिए कलर कोड (रेड, औरेंज एवं येलो) में अगले पांच दिनों के लिए सभी जिलों के बारे में रोजाना दोबार अलर्ट जारी किए जाते हैं। कलर कोड रेड सर्वाधिक उग्र वर्ग है जो प्राधिकारियों और आम लोगों को संतर्क रहने के लिए प्रेरित करता है जबकि येलो कोड़ प्राधिकारियों और आम लोगों को खुद को अपडेड रखने के लिए प्रेरित करता हैं।

(05). राडार उत्पाद :- नवीनतम स्टेशन बार रडार उत्पादों का प्रत्येक 10 मिनट पर अद्यतन किया जाता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS